कार्यालय जिलाधिकारी, बरेली।

संख्या 39 /रा0सहा0–13 दिनांक 08 जुलाई 2013

अनापत्ति प्रमाण पत्र

प्रबन्धक,
स्काई लार्क पब्लिक स्कूल,
ग्राम प्रहलादपुर भोजीपुरा,
जिला बरेली।

कृपया उपयुर्क्त विषयक प्रबन्धक स्काई लार्क पब्लिक स्कूल ग्राम प्रहलादपुर भोजीपुरा जिला बरेली ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 17.04.2013 के द्वारा शिक्षण संस्थान की मान्यता हेतु नेशनल बिल्डिंग कोड–2005 के अनुरूप भवन की उपयुक्तता के संबंध में प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

नेशनल बिल्डिग कोड के अनुरूप भवन की उपयुक्तता के संबंध में प्रमाण पत्र निर्गत करने के दृष्टिगत आख्या उप जिलाधिकारी सदर, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि. बरेली एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी से आख्याएं प्राप्त की गयी।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी बरेली ने अपनी आख्या दिनांक पत्रांक श–2/डी0डी0/फा0स0/बरेली–2013/504 दिनांक मई 18, 2013 में अंकित किया है कि विद्यालय भवन की अग्निसुरक्षा व्यवस्थाओं का भौतिक निरीक्षण अग्निशमन अधिकारी सि0ला0 बरेली से सुसंगत मानको के अनुसार कराया गया तो उनकी आख्या का परीशीलन किया गया विवरण निम्नदत पाया गया।

भवन की संरचना–

1–कुल भूखण्ड ऐरिया–4431.20 वर्गमीटर।

2–कवर्ड ऐरिया भूतल–1217.87 वर्गमीटर।

3–भवन की ऊचाई–03.5 मीटर है।

भवन का अधिभोग एवं श्रेणी–प्रश्नगत भवन का अधिभोग एन0बी0सी0 की ए–1 श्रेणी के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया है।

ढाचागत व्यवस्थाऐ–

1–पहुँचमार्ग–विघालय भवन का पहुँचमार्ग–12.9 मी0चौडा उपलब्ध है।

2–सैटबैक–निरीक्षण के दौरान सैटबैक अग्रभाग–30 मीटर, पृष्ठभाग–17.41 मीटर, पार्श्व–I 06 मीटर तथा पार्श्व–II. 4.5 मीटर पाये गये।

3–विघालय भवन का मानचित्र के अनुसार मुख्य द्वार–04.5 मीटर चौडा है।

4–निकास मार्ग–विघालय भवन में 02 स्टेयरकेस 1.5 मी0 चौडे उपलब्ध है।

5–प्राथमिक अग्निशमन उपकरण (फायर एक्सटिंग्यूशर) प्रश्नगत भवन में 10 अदद फायर एक्सटिंग्यूशर ए0बी0सी0 तथा 02 अदद सी0ओ0टू0 टाइप फायर एक्सटिंग्यूशर भारतीय मानक ब्यूरो के आई0एस0–2190 के अनुसार कार्यशील दशा में स्थापित पाये गये।

उपरोक्तानुसार उपलब्ध अग्नि से सुरक्षा व्यवस्थाओं के आधार पर स्काई लार्क स्कूल ग्राम प्रहलादपुर, थाना भोजीपुरा बरेली को अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र निम्न शर्तो के अधीन निर्गत किया जाता है।

01–प्रश्नगत भवन में स्थापित अग्निसुरक्षा व्यवस्थाओं को सदैव कार्यशील दशा में बनाये रखने हेतु मेन्टीनेंस सैडयूल बनाया जाये।

02–प्रश्नगत भवन में किसी प्रकार के अतिरिक्त निर्माण कार्य कराये जाने से पूर्व अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

03–संस्थान में प्रत्येक 06 माह में एक वार भवन में कार्यरत सुरक्षा कर्मियों को मॉक डिल/फायर डिल करायी जाय, तथा इमरजेंसी इवेकुऐशन प्लान बनाया जाये जिसकी जानकारी सुरक्षा कर्मियों को प्रदान करायी जावे।

04–संस्थान के प्रवेश/निकास मार्ग सदैव अवरोध मुक्त रखा जाये।

प्रश्नगत विघालय भवन में स्थापित अग्निशमन व्यवस्थाओं के अनुरक्षण के अभाव अथवा लापरवाही के कारण सिस्टम अकार्यशील दशा में पाये जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व स्वामी/प्रबन्धक का होगा। अन्यथा निर्गत प्रमाण पत्र स्वतः निरस्त माना जायेगा।

उप जिलाधिकारी सदर बरेली ने भू–स्वामित्व संबंधी बिन्दुवार जांच आख्या दिनांक 28.06.2013 प्रेषित की है जो निम्नवत् है:–

1. वर्तमान में स्वामित्व के सम्बन्ध में कोई विवाद नही है।
2. प्रस्तावित भूमि खतौनी अनुसार आवेदक के नाम है अथवा वर्तमान में कब्जा है।
3. प्रस्तावित भूमि नगर पालिका अथवा वक्फ से सम्बन्धित नही है।
4. प्रस्तावित भूमि बन विभाग से प्रभावित नही है।
5. प्रस्तावित भूमि चकमार्ग, चकनाली, एवं अन्य शासकीय भूमि से प्रभावित नही है।

अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बरेली ने पत्रांक 2739/1सी दिनांक 30.05.2013 स्काई लार्क स्कूल ग्राम प्रहलादपुर भोजीपुरा जिला बरेली के विघालय भवन का निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण में अवगत कराया गया कि उक्त भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2010 से पूर्व कराया गया है, जो वर्तमान में प्रथम तल स्तर तक निर्मित है। यह भी अवगत कराना है कि उक्त स्कूल भवन के स्वामी/प्रबन्धक द्वारा नोटरी पर दिये गये शपथ पत्र एवं संलग्न अन्य तकनीकी प्रमाण पत्रों के दृष्टिगत विघालय भवन का सम्पूर्ण निर्माण कार्य Mr. BN Khanna, B. Tec. (Hons) concept Engineering & Architectional

--२ पर

PRINCIPAL
SKYLARK SCHOOL
Vill - PRAHLADPUR
BHOJIPURA, BAREILLY

MANAGER
SKYLARK SCHOOL
Village- Prahaladpur Bhojipur
Bareilly

Consultant Govt. Aprroved Vauers Reg. No. 144/1988 Ho-Opp. Dharam Dutta Vaidya, Izzatnagar, Bareilly के दक्ष तकनीकी स्टाफ की देख--रेख में नेशनल बिल्डिंग कोड में प्राविधानित मानको का पूर्ण अनुपालन करते हुये प्रारम्भ से वर्तमान स्थिति तक कराया गया है। इससे स्पष्ट है कि उपरोक्त विघालय भवन का निर्माण कार्य उक्त अर्किटेक्ट Mr. BN Khanna, B. Tec. (Hons) concept Engineering & Architectional Consultant Govt. Aprroved Vauers Reg. No. 144/1988 Ho-Opp. Dharam Dutta Vaidya, Izzatnagar, Bareilly द्वारा अपनी तकनीकी देख–रेख में कराया गया है, चूँकि लोक निर्माण विभाग की देख–रेख में भवन निर्माण में प्रयुक्त सामग्रियो का कोई भी तकनीकी परीक्षण/निर्माण कार्य नही कराया गया है। अतएव उक्त आर्किटेक्ट Mr. BN Khanna द्वारा दिये गये प्रमाण पत्र एवं भवन प्रबन्धक द्वारा दिये गये शपथ पत्र को ही आधार मानते हुये उक्त भवन के मान्यता हेतु संस्तुति की जाती है।

उपजिलाधिकारी सदर बरेली एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी बरेली तथा अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बरेली की आख्या के अनुसार प्रबन्धक स्काई लार्क पब्लिक स्कूल ग्राम प्रहलादपुर भोजीपुरा जिला बरेली द्वारा शिक्षण संस्थान की मान्यता हेतु नेशनल बिल्डिंग कोड–2005 के अनुरूप होने का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है। आवेदक को उ0प्र0रोड़ साईड लैण्ड कन्ट्रोल एक्ट 1945 के अन्तर्गत अनुमति की आवश्यकता पड़ने पर अनुमति अलग से प्राप्त करनी होगी। शासन द्वारा समय–समय पर जारी किये गये समस्त शासनादेशों एवं उ0प्र0रोड साईड लैण्ड कन्ट्रोल एक्ट 1945 एवं नेशनल बिल्डिग कोड के अतंर्गत नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

(ए0के0 उपाध्याय)
अपर जिलाधिकारी(प्रशा0)
बरेली।

छाया प्रति प्रमाणित

प्रशासनिक अधिकारी
कलक्ट्रैट बरेली
28.5.2018

PRINCIPAL
SKYLARK SCHOOL
Vill - PRAHLADPUR
BHOJIPURA, BAREILLY

MANAGER
SKYLARK SCHOOL
Village- Prahaladpur Bhojipur
Bareilly